देहरादून / 22 जुलाई 2025

## चुनाव आयोग की पहल एवं निर्देशों का हो प्रभावी कियान्वयन– चुनाव आयुक्त डॉ0 विवेक जोशी

– भारत निर्वाचन आयोग के माननीय चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने की समीक्षा बैठक

– मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में गतिमान मतदाता जगरुकता कार्यक्रमों की चुनाव आयुक्त को दी जानकारी

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग के मा0 चुनाव आयुक्त डॉ0 विवेक जोशी द्वारा मंगलवार को देहरादून में निर्वाचन सम्बंधी गतिविधियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। चुनाव आयुक्त डॉ0 विवेक जोशी ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल ऑफिसरों की तैनाती प्रकिया जल्द सम्पादित की जाए। 1200 से अधिक मतदाता संख्या वाले पोलिंग बूथों एवं 2 किलोमीटर से अधिक पैदल दूरी के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराते हुए नए बूथों का ससमय पुर्ननिर्धारण कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा नियमित रुप से दिए जाने वाले दिशा–निर्देशों का प्रभावी कियान्वयन किया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने अवगत कराया कि आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार नए सिरे से प्रदेश नए बूथ लेवल ऑफिसरों की तैनाती की प्रर्किया पूर्ण कर ली गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तर पर डीईओ,ईआरओ,बीएलओ सुपरवाईजर, बीएलओ एव बीएलए के प्रशिक्षण हेतु आगामी अगस्त एवं सितंबर माह में कार्यक्रम प्रस्तावित है। **उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में लगभग 85 लाख मतदाता हैं जिनमें 44 लाख पुरुष एवं 41 लाख महिलाएं व 304 थर्ड जेंडर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 1 लाख 64 हजार युवा मतदाता, 84 हजार पीडब्ल्यूडी मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 93 हजार सर्विस मतदाता शामिल हैं।**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोग के नए दिशा निर्देशों के कम में 1200 से अधिक मतदाता संख्या वाले पोलिंग बूथों एवं 2 किलोमीटर से अधिक पैदल दूरी के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करा दिया गया है, इसी कम में प्रदेश में लगभग 1 हजार नए पोलिंग बूथ नए स्थापित किए जा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में स्वीप कार्यकम में तहत वर्तमान में स्थानीय लोकपर्व हरेला को मतदाता जागरुकता से जोड़ते हुए प्रदेशभर में सभी पोलिंग बूथों एवं अन्य स्थानों पर वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सालभर स्वीप गतिविधियों के लिए थीम आधारित कैलेंडर भी तैयार किया गया है।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तू दास, ईआरओ डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल उपस्थित रही।

प्रणाम

क्या आप भी 1 जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं। तो आज ही अपने बीएलओ से सपंर्क कर फार्म 6 भरें।

आप यह फार्म ईसीआई की वेबसाईट पर या ईसीआई नेट मोबाइल ऐप पर जाकर भर सकते हैं।

एक जिम्मेदार नागरिक के साथ ही सजग मतदाता बनें।

नमस्कार साथियों

क्या आपके वोटर आईडी कार्ड में किसी प्रकार की एंट्री का करेक्शन होना है

अगर आपका वोटर कार्ड में नाम,पता या अन्य जानकारियां अपडेट होनी है तो आज ही आज ही अपने बीएलओ से सपंर्क कर फार्म 8 भरें।

आप यह फार्म ईसीआई की वेबसाईट पर या ईसीआई नेट मोबाइल ऐप पर जाकर भर सकते हैं।

एक जिम्मेदार नागरिक के साथ ही सजग मतदाता बनें।